# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# नवम्बर , 2022

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी नवम्बर, 2022
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 November, 2022

■ **अमेरिकी वैज्ञानिकों ने बैक्टीरिया के नामकरण के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग आधारित नई प्रणाली 'सीक कोड' तैयार की—**

हाल ही में अमेरिकी वैज्ञानिकों द्वारा लम्बी चर्चा के बाद बैक्टीरिया के नामकरण के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग आधारित नई प्रणाली 'सीक कोड' तैयार की गई। इससे बैक्टीरिया के नामकरण की तीन सदी (300 साल) पुरानी प्रणाली बदल गई।

गौरतलब है कि बैक्टीरिया के नामकरण की नई प्रणाली के लिए 2018 में अमेरिका में **नेशनल साइंस फाउंडेशन** के सहयोग से पहल की गई थी।

**नई प्रणाली से होने वाले लाभ—**
- नई पीढ़ी के एंटीबायोटिक्स की पहचान और कैंसर के इलाज में मदद मिलेगी।
- इससे पृथ्वी पर सूक्ष्म जीवों की विविधता का पता लगाने में अधिक मदद मिलेगी।

**बाई-नॉमिअल (द्विपद) प्रणाली :** स्वीडन के वनस्पति वैज्ञानिक कार्ल लिनेस ने 1737 में यह प्रणाली पेश की थी, जिसमें सभी जीवों, पेड़-पौधों आदि के नाम दो हिस्सों (पहला हिस्सा उनका जीन्स व दूसरा हिस्सा उस प्रजाति की विशेषता) में रखे जाते हैं।

■ **डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को मरणोपरांत अणुव्रत पुरस्कार प्रदान किया गया—**

31 अक्टूबर, 2022 को अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम को मरणोपरांत वर्ष 2022 का अणुव्रत पुरस्कार दिया गया।

यह पुरस्कार डॉ. कलाम के पौत्र और एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फांउडेशन के सह-संस्थापक **'शेख सलीम'** ने स्वीकार किया।

■ **अब टू फिंगर टेस्ट नहीं होगा; करवाने वाले लोग माने जाएँगे कदाचार के दोषी—**

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में दुष्कर्म पीड़िता के टू फिंगर टेस्ट को असंवैधानिक माना था तथा आदेश दिया था कि यह टेस्ट नहीं किया जाना चाहिए।

■ **एसबीआई ने कहा कि बेमौसम बारिश से और बढ़ेगी महँगाई—**

एसबीआई रिसर्च की इकौरैप रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर में सामान्य से 54% अधिक बारिश होने से फसलों पर बुरा असर पड़ा है। इससे भविष्य में महँगाई बढ़ने की आशंका है।

**जुलाई 2021 से सितम्बर 2022 तक खुदरा महँगाई की स्थिति—**

| समयावधि | खुदरा महँगाई दर |
|---|---|
| जुलाई-सितम्बर 2021 | 5.1% |
| अक्टूबर-दिसम्बर 2021 | 5.0% |
| जनवरी-मार्च 2022 | 6.3% |
| अप्रैल-जून 2022 | 7.3% |
| जुलाई-सितम्बर 2022 | 7.0% |

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केवड़िया (गुजरात) में 2 नए पर्यटन आकर्षण केन्द्रों का लोकार्पण किया—**

31 अक्टूबर, 2022 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में 2 नए पर्यटन आकर्षण केन्द्रों 'भूलभुलैया उद्यान' व 'मियाकी वन' का लोकार्पण किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल को स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री रहते हुए 500 से अधिक रियासतों को एकजुट कर भारत में मिलाने का श्रेय दिया जाता है।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी : एक नजर में—**
- उद्घाटन—पटेल की 143वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2018 को।
- विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा—182 मीटर।
- इसे जनवरी 2020 में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) द्वारा 8 अजूबों में शामिल किया गया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 2 November, 2022

■ **RBI ने भारत की डिजिटल करेंसी (ई-रुपी) के पायलट प्रोजेक्ट को लॉन्च किया—**

1 नवम्बर, 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक ने देश की पहली डिजिटल करेंसी 'ई-रुपी' के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की। यह RBI द्वारा नियंत्रित (रेगुलेट) होगी।

ई-रुपी फिलहाल सिर्फ थोक लेन-देन हेतु प्रयुक्त होगी।

**ई-रुपी हेतु रिजर्व बैंक एक मोबाइल एप जारी करेगा।**

ई-रुपी हेतु RBI वैसी ही गारंटी देगा, जैसी नोट हेतु प्रदान करता है।

**ई-रुपी के फायदे—**
- मॉनिटरिंग आसान होगी।
- ट्रांजेक्शन लागत कम होगी।
- नोट प्रिंटिंग का खर्च बचेगा।
- कमर्शियल बैंकों पर निर्भरता घटेगी।

■ **GST कलेक्शन दूसरी बार 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हुआ—**

| माह | GST संग्रह (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| अप्रैल | 1,67,540 (सर्वाधिक) |
| मई | 1,40,885 |
| जून | 1,44,616 |
| जुलाई | 1,40,885 |
| अगस्त | 1,43,612 |
| सितम्बर | 1,47,686 |
| अक्टूबर | 1,51,718 |

■ **S & P ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) सितम्बर के 55.1 से बढ़कर अक्टूबर में 55.3 पर पहुँच गया—**

पीएमआई का 50 अंकों से ऊपर होना गतिविधियों में विस्तार का संकेत है तथा 50 अंकों से कम गिरावट को दर्शाता है।

अक्टूबर, 2022 में जीएसटी संग्रह दूसरी बार 1.5 लाख करोड़ रुपए (1.52) के पार पहुँचा, जो अक्टूबर 2021 के 1.30 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले करीब 17% अधिक है। इससे पहले अप्रैल 2022 में 1.68 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड GST कलेक्शन हुआ था।

10 बड़े राज्यों में हरियाणा का प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रह (3028 रु.) सर्वाधिक रहा।

## Newspaper of 4 November, 2022

■ **केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित श्रमिकों को अपने लक्ष्य के अनुरूप नहीं जोड़ पा रही है—**

असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों (18–40 के आयु वर्ग में) को पेंशन देने की केन्द्र की योजना 'प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना' के अन्तर्गत इसकी शुरुआत (2019-20) से पाँच वर्ष में 10 करोड़ असंगठित श्रमिकों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, परन्तु अभी तक 3 वर्ष में केवल 5% यानि 49 लाख 12 हजार 215 श्रमिकों का ही नामांकन इसमें किया गया है।

**नामांकन करने वाले शीर्ष 10 राज्य :** हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखण्ड व राजस्थान

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना : एक नजर में—**
- **घोषित**–2019-20 के अंतरिम बजट में
- **संबंधित मंत्रालय**-श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
- **केन्द्र प्रायोजित योजना :** अंशदान-केन्द्र (50) : राज्य (50)
- **कोष प्रबंधन**–भारतीय जीवन बीमा निगम पेंशन फण्ड मैनेजर है और पेंशन भुगतान के लिए उत्तरदायी है।
- **पात्रता**–18-40 आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के मजदूर, जिनकी मासिक आय 15000 रुपए या इससे कम है।
- **न्यूनतम निश्चित पेंशन**–प्रत्येक लाभार्थी को 60 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद प्रतिमाह 3000 रुपए न्यूनतम निश्चित पेंशन मिलेगी। लाभार्थी की मृत्यु के पश्चात् उसकी 50% पेंशन जीवनसाथी को मिलेगी।

■ **ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंक 'मोर्गन स्टेनली' की रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्ष 2030 से पहले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा—**

ग्लोबल इंवेस्टमेंट बैंक 'मोर्गन स्टेनली' ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत वर्ष 2030 से पूर्व ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त कर लेगा तथा एक दशक में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.50 लाख करोड़ डॉलर (620 लाख करोड़ रुपए) के स्तर को पार कर लेगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अगले 5 साल में 29 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवारों की संख्या 2.5 करोड़ होगी।

2031 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 4.34 लाख रुपए होगी।

गौरतलब है कि भारत हाल ही में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

- **03 नवम्बर, 2022 को जारी नैस्कॉम की रिपोर्ट के अनुसार भारत की 65% कम्पनियाँ गिग वर्कर्स (निश्चित समय हेतु अस्थायी रूप से काम करने वाले) को हायर करेगी—**

सॉफ्टवेयर डवलपमेंट, यूआईएक्स डिजाइन और डाटा साइंस टॉप 3 स्किल्स हैं, जिनमें गिग वर्कर्स की डिमांड सबसे अधिक है।

**गिग इकोनॉमी—**एक मुक्त बाजार प्रणाली जिसमें सामान्य रूप से अस्थायी पद होते हैं और संगठन अल्पकालिक जुड़ाव के लिए स्वतंत्र कर्मचारियों से अनुबंध करते हैं।

- **03 नवम्बर, 2022 को दिल्ली में राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक 500 पार करते हुए खतरनाक वायु प्रदूषण की स्थिति पर पहुँचा—**

पंजाब और हरियाणा में जलाई जा रही पराली के कारण दिल्ली व जयपुर तक आसमान में स्मॉग छाया हुआ है तथा हवा न चलने से यह गहराता जा रहा है। दिल्ली की प्रदूषित हवा भिवाड़ी, अलवर होते हुए जयपुर पहुँच रही है।

**विभिन्न शहरों में राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक**—

| स्थान | एक्यूआई |
|---|---|
| दिल्ली | 509 |
| भिवाड़ी | 411 |
| जयपुर | 296 |
| अलवर | 246 |

**राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक : एक नजर में—**

- दिल्ली में सितम्बर, 2014 को 'एक नम्बर-एक रंग-एक विवरण' की रूपरेखा के साथ प्रारम्भ हुआ।
- यह वायु गुणवत्ता का मापन 8 **वायु प्रदूषकों** के आधार पर करता है।

| वायु गुणवत्ता सूचकांक मान | स्वास्थ्य की चिंता का स्तर |
|---|---|
| 0–50 | अच्छा |
| 51–100 | संतोषजनक |
| 101–200 | मध्यम |
| 201–300 | खराब |
| 301–400 | बहुत खराब |
| 401–500 | गंभीर |

## Newspaper of 5 November, 2022

- **सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी पेंशन योजना को वैध ठहराया तथा इसमें शामिल होने के लिए मासिक वेतन सीमा 15000 रुपए रद्द की—**

04 नवम्बर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) पेंशन मामलें में कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2014 की वैधता को बरकरार रखा है, परन्तु पेंशन फंड में शामिल होने हेतु 15000 रुपए मासिक वेतन की सीमा को रद्द कर दिया है।

गौरतलब है कि वर्ष 2014 के संशोधन में अधिकतम पेंशन योग्य वेतन (मूल वेतन + मँहगाई भत्ता) 15 हजार प्रतिमाह सीमित कर दिया था; इससे पहले अधिकतम पेंशन योग्य वेतन 6500 रुपए प्रतिमाह था।

- **भारत वर्ष 2025 तक शीर्ष 3 टेक्सटाइल निर्यातकों में शामिल हो सकता है—**

अग्रणी टेक्सटाइल कम्पनी 'वेलस्पन इंडिया' की सीईओ और जॉइंट एमडी दीपाली गोयनका के अनुसार भारत वर्ष 2025 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा टेक्सटाइल निर्यातक देश बन सकता है।

वर्तमान में भारत दुनिया के टॉप-5 टेक्सटाइल निर्यातक देशों में शामिल है।

टेक्सटाइल इंडस्ट्री का देश की जीडीपी में 3 प्रतिशत से अधिक योगदान है।

भारत कुल टेक्सटाइल निर्यात का 27 प्रतिशत (सर्वाधिक) अमेरिका को निर्यात करता है।

भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री कुशल व अकुशल श्रमिकों को प्रत्यक्ष (4.5-5 करोड़ लोग) व अप्रत्यक्ष (6-7 करोड़ लोग) रूप से रोजगार प्रदान करती है।

सरकार **अमेंडेड टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड स्कीम, पीएलआई** एवं **मित्रा** जैसी योजनाओं के माध्यम से टेक्सटाइल इंडस्ट्री के विकास हेतु प्रयास कर रही है।

## Newspaper of 6 November, 2022

- **भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार व स्वर्ण भण्डार में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई—**

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार दो साल के निचले स्तर तक गिरने के बाद 28 अक्टूबर, 2022 को 6.561 अरब डॉलर की बढ़ोत्तरी के साथ 531.081 अरब डॉलर तक पहुँचा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अक्टूबर, 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार 645 अरब डॉलर के साथ अपने उच्चतम स्तर पर पहुँचा था।

देश का स्वर्ण भण्डार भी 55.6 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 37.762 अरब डॉलर के स्तर पर पहुँच गया है।

■ **भारत के प्रथम मतदाता व चुनाव आयोग के ब्रांड एम्बेसेडर श्याम सरण नेगी का निधन हुआ—**

05 नवम्बर, 2022 को कल्पा (हिमांचल प्रदेश) निवासी श्याम सरण नेगी का निधन हुआ; वे देश के पहले वोटर एवं चुनाव आयोग के ब्रांड एम्बेसेडर थे।

■ **सुन्दरवन टाइगर रिजर्व (कोलकाता) में फिशिंग कैट्स की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है—**

विश्व के एकमात्र नदी डेल्टा क्षेत्र सुन्दरवन टाइगर रिजर्व में हुए एक सर्वे के अनुसार यहाँ 300 से अधिक फिशिंग कैट्स तथा 96 बंगाल टाइगर्स मौजूद हैं। रिजर्व फॉरेस्ट में छोटी बिल्लियों पर यह पहला सर्वे है। दिसम्बर 2021 से फरवरी 2022 के मध्य एकत्र कैमरा ट्रैप छवि के आधार पर यह रिपोर्ट बनाई गई है। यह राज्य में फिशिंग कैट की संख्या का पहला सांख्यिकीय अनुमान है।

**फिशिंग कैट्स : एक नजर में—**

- घरेलू बिल्ली के आकार से दोगुनी होती है।
- रात्रिचर होती है तथा मछली के अलावा मेंढक, सांप, पक्षी एवं बड़े जानवरों के शवों पर उपस्थित अपमार्जकों का भी शिकार करती हैं।
- वर्षभर प्रजनन करती हैं।

**संरक्षण की स्थिति—**

- IUCN की रेड लिस्ट में **'सुभेद्य' (वलनरेबल)** के रूप में सूचीबद्ध।
- CITES के परिशिष्ट II में सूचीबद्ध।
- भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनूसूची I के तहत संरक्षण।

■ **केरल सोने की एक समान कीमत पर कारोबार करने वाला देश का प्रथम राज्य बना—**

केरल बैंक दर के आधार पर सोने की एक समान कीमत पर कारोबार करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

देश की सबसे बड़ी सोने व हीरे की खुदरा श्रृंखलाओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अधिकारियों व ऑल केरल एंड सिल्वर मर्चेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों के बीच हुई बैठक में 916 शुद्धता वाले 22 कैरेट सोने का मूल्य एक समान रखने का निर्णय लिया गया।

गौरतलब है कि **केरल देश में सोने की खपत करने वाला शीर्ष राज्य** है।

■ **पृथ्वी के सबसे निकट (1600 प्रकाश वर्ष दूर) मिला सूर्य से 10 गुना बड़ा ब्लैक होल—**

इस ब्लैक होल की दूरी पृथ्वी के सबसे नजदीक स्थित ब्लैक होल की तुलना में तीन गुना कम है।

ब्लैक होल की पहचान उसके जोड़ीदार तारे की गति को देखकर की गई। यह तारा ब्लैक हॉल की परिक्रमा उसी दूरी पर करता है, जितनी दूरी पर पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है।

**विशेष—**हमारी आकाशगंगा (मंदाकिनी) में करीब 10 मिलियन से एक बिलियन ब्लैक होल हैं।

## Newspaper of 7 November, 2022

■ **6 नवम्बर, 2022 को जापान के योकोसूका की सागामी खाड़ी में इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू शुरू हुआ—**

इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भारत, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, न्यूजीलैण्ड, सिंगापुर व दक्षिण कोरिया सहित कुल 12 देशों के 18 जंगी जहाज युद्धाभ्यास में शामिल हैं।

■ **6 नवम्बर, 2022 को हिन्दी साहित्य में गंभीर आलोचनात्मक लेखन के लिए मशहूर मैनेजर पांडेय (बिहार) का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया—**

मैनेजर पांडेय को साहित्य में योगदान के लिए **'दिनकर राष्ट्रीय सम्मान'**, **'गोकुल चंद आलोचना पुरस्कार'** व **'सुब्रमण्यम भारतीय पुरस्कार'** से नवाजा चुका है।

■ **06 नवम्बर, 2022 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन-COP-27 का आयोजन मिस्र में हुआ—**

COP-27 का आयोजन मिस्र के शर्म अल शेख में शुरू हुआ।

यह 6 से 18 नवम्बर तक आयोजित होगा तथा इसमें 196 देश शामिल होंगे।

COP-27 में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने किया।

**विशेष—**COP-1 का आयोजन 1995 में बर्लिन (जर्मनी) में हुआ था।

## Newspaper of 8 November, 2022

■ **भारत के मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने 7 नवम्बर, 2022 को 3-2 के बहुमत से शैक्षणिक संस्थाओं में दाखिले व**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के 10 फीसदी आरक्षण को संवैधानिक ठहराया—**

फैसले में कहा गया कि EWS कोटे के लिए संविधान में 103वें संविधान संशोधन से संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं हुआ है।

**EWS आरक्षण के पक्ष में रहे न्यायाधीश—**(i) दिनेश माहेश्वरी, (ii) बेला त्रिवेदी व (iii) जे. बी. पादरीवाला।

**EWS आरक्षण के विपक्ष में रहे न्यायाधीश—**

(i) सीजेआई यू.यू. ललित व (ii) रविन्द्र भट।

**EWS आरक्षण : एक नजर में—**

- जनवरी 2019 में केन्द्र सरकार ने 103वें संविधान संशोधन के तहत ईडब्ल्यूएस कोटा लागू किया था।
- संविधान के अनुच्छेद 15(6) और 16(6) में इस कोटे को जोड़ा गया। इसके तहत राज्य सरकार शैक्षणिक संस्थानों के दाखिलें व नौकरी में आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को 10% आरक्षण दे सकती है।
- यह आरक्षण केवल सामान्य वर्ग के लोगों के लिए ही है। अन्य वर्गों ओबीसी (27%), एससी (15%) व एसटी (7.5%) हेतु आरक्षण की व्यवस्था पहले से ही की हुई है। ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिए परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। इसमें स्रोतों में सैलेरी के साथ-साथ, कृषि, व्यवसाय व अन्य पेशे से होने वाली आय भी शामिल है।

■ **G-20 से जुड़े महिला समूह 'W-20' में राजस्थान राज्य वित्त आयोग की पूर्व अध्यक्ष 'ज्योतिकिरण शुक्ला' शामिल हुई—**

सितम्बर, 2023 में होने वाले G-20 के 18वें शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत में होगा, इसके लिए बनाए गए W-20 समूह की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा (संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष) को बनाया गया, वहीं ज्योतिकिरण शुक्ला, प्रो. शमिका रवि (अर्थशास्त्री), भारती घोष (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी), रवीना टंडन (अभिनेत्री) व बांसुरी स्वराज (सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता) को बतौर प्रतिनिधि शामिल किया गया।

**G-20 : एक नजर में—**

- G-20 का गठन वर्ष 1999 में हुआ, इसमें विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्था वाले देश (विकसित एवं विकासशील) शामिल हैं।
- G-20 में 19 देश (भारत, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, रूस, जापान, इटली, चीन, फ्रांस, जर्मनी, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, मेक्सिको, सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य, तुर्की) तथा यूरोपियन यूनियन शामिल है।
- G-20 देशों में दुनिया की 60% आबादी, वैश्विक जीडीपी का 80% और वैश्विक व्यापार का 75% शामिल है।

**W-20— यह G-20 का एक आधिकारिक समूह है, जिसे वर्ष 2015 में तुर्की की अध्यक्षता में बनाया गया था। इसे बनाने का उद्देश्य G-20 में लैंगिक समानता को बनाए रखना तथा महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है।**

**Newspaper of 9 November, 2022**

■ **फोर्ब्स के नवम्बर, 2022 के अंक में प्रकाशित 20 एशियाई महिला उद्यमियों की सूची में 3 भारतीय महिलाओं को स्थान प्राप्त हुआ—**

इस सूची में उन महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्होंने कोरोना महामारी की अनिश्चितताओं के बीच अपने कारोबार को बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

**इस सूची में शामिल भारतीय महिलाएँ—**

1. **सोमा मंडल—**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (सेल) की चेयरपर्सन।
2. **नमिता थापर—**एमक्योर फार्मा की कार्यकारी निदेशक।
3. **गजल अलघ—**होनासा कंज्यूमर (मामाअर्थ) की को-फाउण्डर।

■ **संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 नवम्बर का दिन बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार के विरोध में मनाने का प्रस्ताव पारित किया—**

इस दिवस का उपयोग अपराध की रोकथाम की आवश्यकता पर जोर देने, अपराधियों को सजा दिलाने तथा पीड़ितों के इसके प्रति आवाज उठाने के लिए किया जाएगा।

इस प्रस्ताव को अफ्रीकी देश **'सिएरा लियोन'** व **'नाइजीरिया'** ने रखा था, जिसे 110 से अधिक देशों ने अपना समर्थन प्रदान किया।

■ **राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने विभिन्न समितियों का पुनर्गठन करते हुए उनके अध्यक्षों की नियुक्ति की—**

**राज्यसभा की विभिन्न समितियाँ व उनके अध्यक्ष—**

| समिति | अध्यक्ष |
|---|---|
| आचार समिति | प्रकाश जावड़ेकर (बीजेपी सांसद) |
| आवास समिति | सी.एम. रमेश (बीजेपी सांसद) |

| | |
|---|---|
| याचिका समिति | सुजीत कुमार (बीजद सांसद) |
| सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति | एम. थंबीदुरई (द्रमुक सांसद) |
| संसदीय समिति | कामाख्या प्रसाद तासा (बीजेपी सांसद) |
| अधीनस्थ विधान संबंधी समिति | लक्ष्मीकांत वाजपेयी (बीजेपी मुख्य सचेतक) |

- **8 नवम्बर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सितम्बर, 2023 में होने वाले G-20 के 18वें सम्मेलन की अध्यक्षता का लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च की—**

**थीम**—'वसुधैव कुटुम्बकम्' या 'वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर।'

गौरतलब है कि भारत को G-20 की अध्यक्षता 1 दिसम्बर, 2022 को मिलेगी, जो 30 नवम्बर, 2023 तक रहेगी।

- **8 नवम्बर, 2022 को सिख धर्म के प्रथम गुरु व संस्थापक गुरु नानक देव जी की 553वीं जयंती (प्रकाश पर्व) मनाई गई—**

इनका जन्म 1469 ई. में लाहौर के पास तलवंडी राय भोई गाँव (ननकाना साहिब) में हुआ।

## Newspaper of 10 November, 2022

- **9 नवम्बर, 2022 को डी. वाई. चन्द्रचूड़ ने भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली—**

सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश धनजंय यशवंत चन्द्रचूड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। वे इस पद पर 10 नवम्बर, 2024 तक पदस्थ रहेंगे।

गौरतलब है कि डी. वाई. चन्द्रचूड़ के पिता यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ भी भारत के मुख्य न्यायाधीश (16वें) रह चुके हैं। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि पिता के बाद पुत्र भी भारत का मुख्य न्यायाधीश बना है।

हाल ही में उन्होंने लगातार 10 घण्टे कोर्ट की सुनवाई की थी।

- **इजरायल में पुरातत्वविदों को हाथी दांत से बनी एक कंघी पर लिखे मिले विश्व के सर्वाधिक प्राचीन पूर्ण वाक्य को पढ़ा गया—**

इस कंघी पर कैनन लिपि में सात शब्द लिखे हैं। पुरातत्वविदों के अनुसार यह अब तक का ज्ञात दुनिया का पहला लिखा पूर्ण वाक्य है, जो लगभग 3800 ई. पू. में इजाद कैनन लिपि में है। यह कंघी 2017 में खोजी गई थी। 3.5 सेमी. लम्बी और 2.5 सेमी. चौड़ी कंघी में जूं को पकड़ने वाले 14 छोटे और बालों को सुलझाने वाले 6 बड़े दांते थे।

- **भारत को तीसरी बार महिला बॉक्सिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप (2001 में शुरू) की मेजबानी मिली—**

भारत मार्च-अप्रैल, 2023 में आयोजित होने वाली महिला बॉक्सिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा।

इससे पूर्व 2006 और 2018 में भी भारत इस चैम्पियनशिप की मेजबानी कर चुका है।

- **संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए मिड टर्म चुनावों में 10 भारतवंशियों ने विजय प्राप्त की—**

2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों को देखते हुए हाल ही में मिड टर्म चुनाव कराए गए, जिनमें भारतीय मूल के 10 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की।

- **9 नवम्बर, 2022 को केन्द्र सरकार ने विदेश व्यापार नीति के तहत निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के लिए भारतीय मुद्रा (रुपए) में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के सेटलमेंट की अनुमति प्रदान की।**

## Newspaper of 11 November, 2022

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया तथा भारत के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम-3 की क्षमता को 450 किग्रा. तक बढ़ाया—**

इसरो ने कहा कि पिछले इंजन की तुलना में इस परीक्षण में किए गए प्रमुख संशोधनों में नियंत्रण के लिए थ्रस्ट कंट्रोल वाल्व (टीसीवी) की शुरुआत की गई।

थ्रीडी प्रिंटेड एलओएक्स और एलएच 2 टर्बाइन एग्जॉस्ट केसिंग को पहली बार इंजन में शामिल किया गया।

- **केन्द्र सरकार ने आधार कार्ड के नियमों में संशोधन करते हुए आधार संख्या प्राप्त होने के 10 साल के बाद कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों को अपडेट कराना अनिवार्य कर दिया।**

- **अमेरिका और कनाडा के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की, जिसके तहत दुनिया में पहली बार कनाडा में किसी बच्चे की जेनेटिक बीमारी का सफल इलाज जन्म से पहले गर्भ में ही किया गया।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 12 November, 2022

- **11 नवम्बर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलूरु (कर्नाटक) के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस टर्मिनल-2 का उद्घाटन और बेंगलूरु के संस्थापक 'नाडप्रभु केम्पेगौड़ा' की 108 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया—**

इसे स्टैच्यू ऑफ प्रॉस्पेरिटी कहा जाता है।

प्रसिद्ध मूर्तिकार और पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित **'राम वनजी सुतार'** ने प्रतिमा का डिजाइन तैयार किया; इन्होंने ही गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और बेंगलूरु के विधान सौध में महात्मा गाँधी की प्रतिमा भी बनवाई थी।

**नाडप्रभू केम्पेगौड़ा (1513-1569) :—**

- 16वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के सामंत।
- लिंगायतों के बाद कनार्टक के दूसरे सर्वाधिक प्रभावशाली समुदाय **'वोक्कालिगा'** से संबंधित।
- 'बांदी देवारू' प्रथा (एक अविवाहित महिला के बाएँ हाथ की उंगलियाँ काटना) के उन्मूलन का श्रेय।

- **भारत का सितम्बर, 2022 का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पिछले वर्ष की तुलना में 3.1 प्रतिशत बढ़ा—**

सभी प्रमुख सेक्टरों में ग्रोथ देखने को मिली, हालांकि सबसे अच्छा प्रदर्शन माइनिंग सेक्टर का रहा, जिसकी वृद्धि दर 4.6% रही।

**IIP (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) : एक नजर में—**

- यह एक संकेतक है, जो एक निश्चित अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादों के उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन को मापता है।
- इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अन्तर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है।
- ITP निम्न 8 प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के उत्पादन को मापता है—रिफाइनरी उत्पाद > बिजली > स्टील > कोयला > कच्चा तेल > प्राकृतिक गैस > सीमेंट > उर्वरक।
- **आधार वर्ष** – 2011-12

- **11 नवम्बर, 2022 को देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 134वीं जयंती पर प्रधानमंत्री सहित विभिन्न राजनेताओं ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की—**

वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष 11 नवम्बर को मौलाना अबुल कलाम आजाद जयंती को **'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस'** के रूप में मनाया जाता है।

मौलाना आजाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 16 दिसम्बर, 1959 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।

**मौलाना अबुल कलाम आजाद : एक नजर में—**

- जन्म 11 नवम्बर, 1888 में (मक्का, सऊदी अरब) व मृत्यु 1958 में।
- **रचनाएँ**–बेसिक कॉन्सेप्ट ऑफ कुरान, गुबार-ए-खातिर, दर्श-ए-वफा, इंडिया विन्स फ्रीडम।
- **साप्ताहिक पत्रिकाएँ**–'अल-हिलाल' व 'अल-बालाग'।
- **गठित अकादमियाँ—**
  (i) **साहित्य अकादमी**–साहित्य के विकास हेतु।
  (ii) **संगीत नाटक अकादमी**–भारतीय संगीत एवं नृत्य के विकास हेतु।
  (iii) **ललित कला अकादमी**–चित्रकला के विकास हेतु।
- वर्ष 1992 में मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित।

## Newspaper of 13 November, 2022

- **भारतवंशी नोबेल विजेता आण्विक जीवविज्ञानी प्रो. वेंकी रामकृष्णन को विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान हेतु 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया—**

यह सम्मान उनको ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स तृतीय ने प्रदान किया।

वेंकी का नाम उन 6 व्यक्तियों में शामिल है, जिनका उल्लेख महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने निधन से पहले आदेश में किया था।

- **न्यूजीलैण्ड के ग्रेग बार्कले को दूसरे कार्यकाल हेतु आईसीसी का चैयरमेन चुना गया—**

बार्कले का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा।
बीसीसीआई सचिव जय शाह को आईसीसी की वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का चीफ चुना गया।

- **न्यूजीलैण्ड की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैण्ड को 34–31 से हराकर छठी बार महिला रग्बी वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया।**

## Newspaper of 15 November, 2022

- **14 नवम्बर, 2022 को 14 दिवसीय 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का शुभारंभ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में हुआ—**

मेले का उद्घाटन भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष

गोयल ने किया।

**थीम**—'वॉकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल'।

इस मेले में भारत के 29 राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश तथा अफगानिस्तान, बांग्लादेश, बहरीन, बेलारूस, थाईलैण्ड, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, नेपाल व ब्रिटेन सहित 12 देश हिस्सा ले रहे हैं।

मेले में 'राजस्थान मण्डप' का उद्घाटन राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसीको) के चैयरमेन राजीव अरोड़ा ने किया।

- **भारत में सितम्बर, 2022 की तुलना में अक्टूबर, 2022 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति में 0.64 प्रतिशत, जबकि थोक मूल्य सूचकांक आधारित थोक मुद्रास्फीति में 2.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई—**

**जनवरी से अक्टूबर 2022 तक थोक व खुदरा महंगाई**

| माह | थोक मुद्रास्फीति दर | खुदरा मुद्रास्फीति दर |
|---|---|---|
| जनवरी | 12.96 | 6.01 |
| फरवरी | 13.11 | 6.07 |
| मार्च | 14.55 | 6.95 |
| अप्रैल | 15.08 | 7.79 |
| मई | 15.88 | 7.04 |
| जून | 15.18 | 7.01 |
| जुलाई | 13.93 | 6.71 |
| अगस्त | 12.41 | 7.0 |
| सितम्बर | 10.70 | 7.41 |
| अक्टूबर | 8.39 | 6.77 |

| | थोक मूल्य सूचकांक (WPI) | उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) |
|---|---|---|
| 1. | थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन का मापक। (उत्पादक स्तर पर) | खुदरा खरीददार (ग्राहकों) के दृष्टिकोण से मूल्य में हुए परिवर्तन का मापक। (उपभोक्ता स्तर पर) |
| 2. | **जारीकर्ता**–आर्थिक सलाहकार कार्यालय (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) | **जारीकर्ता**–राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) |
| 3. | केवल वस्तुएँ शामिल | वस्तुएँ व सेवाएँ दोनों शामिल |
| 4. | विनिर्मित वस्तुओं को अधिक भार | खाद्य पदार्थों को अधिक भार |
| 5. | **आधार वर्ष**–2011-2012 | **आधार वर्ष**–2012 |

**विशेष**— भारतीय रिजर्व बैंक अप्रैल 2014 से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने हेतु CPI के आँकड़ों का प्रयोग कर रहा है।

- **14 नवम्बर, 2022 को नई दिल्ली में हुए चुनावों में भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में 10 ओलम्पिक खिलाड़ियों को चुना गया—**

आयोग में चुने गए 10 खिलाड़ियों में से 5 महिलाएँ हैं—पी.वी. सिंधू (शटलर), मीराबाई चानू (वेटलिफ्टर), एम.सी. मैरीकोम (मुक्केबाज), रानी रामपाल (पूर्व हॉकी कप्तान) व भवानी देवी (तलवारबाज)।

**पुरुष खिलाड़ी**—ओमप्रकाश करहाना, शिवा केशवन, गगन नारंग, बजरंग लाल व शरथ कमल।

**Newspaper of 16 November, 2022**

- **15 नवम्बर, 2022 को G-20 का 17वाँ वार्षिक शिखर सम्मेलन बाली (इंडोनेशिया) में आयोजित किया गया—**

**थीम**-'रिकवर टुगेदर, रिकवर स्ट्रॉन्गर'।

सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से ऊर्जा, फर्टिलाइजर व खाद्यान्न का संकट विद्यमान हो गया है। यदि आज फर्टिलाइजर (उर्वरक) नहीं मिलता तो कल दुनिया खाद्यान्न संकट से जुझेगी।

नेताओं ने खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित कार्यवाही करने का वादा किया तथा ब्लैक सी ग्रेन पहल की सराहना की।

सदस्य राष्ट्रों ने यूक्रेन में रूस की आक्रामकता की कड़े शब्दों में निंदा की।

गौरतलब है कि इंडोनेशिया के बाद भारत 1 दिसम्बर, 2022 से G-20 की अध्यक्षता करेगा।

- **15 नवम्बर, 2022 को, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNPFA) के अनुसार, विश्वभर में मानव आबादी 8 अरब तक पहुँच गई—**

वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार विश्व की आधी से अधिक आबादी एशिया में रहती है; चीन व भारत 1.4 बिलियन से अधिक जनसंख्या के साथ दो सर्वाधिक आबादी वाले देश हैं।

वैश्विक जनसंख्या को 7 अरब से 8 अरब होने में 12 वर्ष लगे।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत की प्रजनन दर प्रति महिला 2.1 जन्मों तक पहुँच गई है; 2023 तक भारत विश्व की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा।

- **इंडिया सीएसआर आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**पर देश की 37.87% कंपनियों ने अपने निर्धारित सीएसआर बजट से अधिक खर्च किया—**

देश की 301 बड़ी कंपनियों ने सीएसआर पर निर्धारित राशि (12,119 करोड़ रुपए) से अधिक, 12,260 करोड़ रुपए खर्च किए।

सीएसआर पर खर्च करने वाली कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक व टीसीएस शीर्ष पर रहे।

| इन कार्यों पर हुआ सर्वाधिक खर्च | | सीएसआर पर कहाँ खर्च हुई राशि | |
|---|---|---|---|
| **कार्य** | **खर्च में हिस्सेदारी** | **राज्य** | **खर्च में हिस्सेदारी** |
| गरीबी उन्मूलन | 36% | महाराष्ट्र | 11.53% |
| शिक्षा-कौशल | 25% | कर्नाटक | 5.41% |
| ग्रामीण विकास | 09% | ओडिशा | 6.51% |
| एनवायरमेंट | 07% | हरियाणा | 5.61% |
| पीएम रिलीफ फंड | 07% | गुजरात | 4.20% |
| आपदा प्रबंधन | 04% | राजस्थान | 3.70% |
| अन्य | 12% | मध्यप्रदेश | 1.95% |

20% राशि अकेले बैंकिंग-फाइनेंस कंपनियों ने खर्च किया।

**सर्वाधिक खर्च करने वाली कंपनियाँ**

| कंपनी | सीएसआर राशि (राशि करोड़ रुपए में) |
|---|---|
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 737 |
| एचडीएफसी बैंक | 734 |
| टीसीएस | 716 |
| ओएनजीसी | 436 |
| इंफोसिस | 396 |

**सीएसआर : एक नजर में—**

- भारत में CSR की अवधारणा को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत नियंत्रित किया जाता है।
- CSR को अनिवार्य करने वाला भारत दुनिया का प्रथम देश है।
- CSR का प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होता है जिनका **निवल मूल्य** (Net Worth) **500 करोड़ रुपए** से अधिक हो या **कुल कारोबार** (Turnover) **1 हजार करोड़ रुपए** से अधिक हो या **शुद्ध लाभ** (Net Profit) **5 करोड़ रुपए** से अधिक हो।
- अधिनियम के अनुसार कंपनियों को अपने पिछले 3 वर्षों के औसत शुद्ध लाभों का 2% CSR गतिविधियों (अधिनियम की 7वीं अनुसूची में शामिल) पर खर्च करना होता है।

■ **15 नवम्बर, 2022 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उलिहातु, झारखण्ड में स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की—**

**जनजातीय गौरव दिवस**—सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जाता है।
शहडोल (मध्यप्रदेश) में राष्ट्रपति मुर्मू ने जनजातीय गौरव दिवस समारोह में मध्यप्रदेश के लिए पेसा एक्ट लागू किया, जिसके तहत प्रदेश में जल, जंगल व जमीन का अधिकार ग्राम सभा को प्रदान किया गया।

**मध्यप्रदेश पेसा एक्ट लागू करने वाला 7वाँ राज्य बन गया है।**

पेसा एक्ट के प्रावधानों को मध्यप्रदेश के केवल गाँवों में लागू किया जाएगा, शहरों में नहीं।

■ **15 नवम्बर, 2022 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए स्वदेश निर्मित 16वाँ एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच मार्क--3) भारतीय तटरक्षक बल को सौंपा—**

तटरक्षक बल ने एचएएल से 16 एएलएच खरीदने का करार किया था, जिनमें से 15वाँ हेलिकॉप्टर पिछले महीने ही तटरक्षक बल में शामिल हुआ है।

गौरतलब है कि तटरक्षक बल ने एचएएल के साथ 9 और एएलएच मार्क—3 खरीदने का सौदा करने का एलान किया है।

**Newspaper of 17 November, 2022**

■ **16 नवम्बर, 2022 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने मानवरहित चंद्रमा मिशन 'आर्टेमिस-1' को सफलतापूर्वक लॉन्च किया—**

नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एसएलएस रॉकेट को तीसरे प्रयास में सफलतापूर्वक लॉन्च किया। पूर्व में तकनीकी विफलताओं और प्राकृतिक आपदाओं के कारण दो बार मिशन को टालना पड़ा था।
आर्टेमिस-1 रॉकेट, ऑरियन स्पेसक्राफ्ट की पहली परीक्षण उड़ान है। 98 मीटर लम्बा यह रॉकेट नासा का अब तक का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है।

**आर्टेमिस मिशन : एक नजर में—**

- इसका लक्ष्य वर्ष 2005 तक मनुष्य को चन्द्रमा पर भेजकर पुनः पृथ्वी पर सकुशल वापस लाना है।
- आर्टेमिस मिशन के 3 चरण हैं—
  (i) आर्टेमिस-1 (मानवरहित मिशन)।
  (ii) आर्टेमिस-2 (वर्ष 2024 में बिना चन्द्रमा की सतह पर उतरे चन्द्रमा की कक्षा में तीन लोगों के दल को लेकर जाएगा)।
  (iii) आर्टेमिस-3 (वर्ष 2025 में निर्धारित यह मिशन अपोलो मिशन के बाद पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों को चन्द्रमा की सतह पर लेकर जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

गौरतलब है कि भारत भी पूर्व में 2 चंद्र मिशन (चंद्रयान-1 अक्टूबर 2008 व चंद्रयान-2 जुलाई 2019) लॉन्च कर चुका है तथा वर्तमान में तीसरे चंद्र मिशन (चंद्रयान-3) की तैयारी कर रहा है।

## Newspaper of 18 November, 2022

- **मेटा इंडिया की नई उपाध्यक्ष (इंडिया हेड) संध्या देवनाथन को नियुक्त किया गया—**

इनसे पहले इस पद पर अजीत मोहन थे।

संध्या यह पद जनवरी 2023 में संभालेंगी।

- **लांस नायक मंजू भारतीय सेना की पहली महिला स्काई डाइवर बनीं—**

सेना पुलिस में तैनात मंजू ने एएलएच ध्रुव से 10 हजार फीट की ऊँचाई से छलांग लगाई।

- **फिक्की एण्ड अर्नेस्ट यंग ने 'हायर एजुकेशन इन इंडिया : विजन-2047' रिपोर्ट जारी की—**

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 52 प्रतिशत ग्रेजुएट नौकरी के काबिल नहीं हैं। इसलिए सुझाव दिया गया है कि विश्वविद्यालयों में कॉपरेटिव डिग्री प्रोग्राम शुरू हो, जिसमें एक सेमेस्टर की पढ़ाई के बाद अगले सेमेस्टर के दौरान कंपनी में काम करने का मौका मिले और जब डिग्री प्रोग्राम पूरा हो जाए तो कंपनियाँ उन्हें नौकरी पर रख लें।

**भविष्य का अनुमान :** 2030 तक 25 करोड़ कामकाजी लोगों की जरूरत, इसलिए यूनिवर्सिटी करिकुलम अपडेट करती रहें।

**प्रमुख सुझाव :** उच्च शिक्षा में नामांकन दर 2027 तक 35%, 2037 तक 50% और 2047 तक 60% तक पहुँचाने का लक्ष्य हो। यह अभी 27% है। रूस में यह 82% तथा ब्राजील और चीन में 50-50% है।

यूनिवर्सिटी कंपनियों को भागीदार बनाएं। उन्हें सैटेलाइट सेंटर चलाने और कैंपस में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर शुरू करने की इजाजत दें।

**भारत की समस्या :** देश में 60% से ज्यादा यूनिवर्सिटी और कॉलेज एक्रिडिटेड नहीं हैं।

5 लाख से ज्यादा छात्र सालाना विदेश पढ़ने जाते हैं, जबकि महज 49 हजार विदेशी छात्र ही भारत आते हैं, इससे देश को 1.37 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होता है।

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व आईएएस अधिकारी सी.सी. आनंद बोस को पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया—**

जगदीप धनकड़ के उपराष्ट्रपति नामित होने के बाद से मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन प. बंगाल का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे।

गौरतलब है कि बोस 1977 बैच के केरल कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। 2011 में सेवानिवृत्ति से पूर्व वे राष्ट्रीय संग्रहालय में प्रशासक थे।

## Newspaper of 19 November, 2022

- **18 नवम्बर, 2022 को भारत की प्राइवेट कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' ने पूरी तरह से आत्मनिर्भर होकर तैयार किए गए रॉकेट विक्रम-एस की मदद से 3 उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया—**

भारत सरकार ने वर्ष 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्य करने हेतु निजी कंपनियों को आमंत्रित किया था, इसके बाद स्काईरूट एयरोस्पेस यह कारनामा करने वाली भारत की प्रथम निजी कंपनी बन गई है।

मिशन का नाम **'प्रारंभ'** रखा गया है। इसके तहत 89.5 किमी. की ऊँचाई पर 3 उपग्रह छोड़े गए हैं, जिनमें 2 उपग्रह भारतीय हैं तथा 1 विदेशी कंपनी का है।

देश के पहले निजी रॉकेट 'विक्रम-एस' ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी।

प्रारंभ मिशन का उद्देश्य वर्ष 2025 तक लोगों को अंतरिक्ष यात्रा करवाना है।

गौरतलब है कि वर्तमान में अंतरिक्ष की सैर करवाने हेतु **स्पेसएक्स** (एलन मस्क), **वर्जिन गैलेक्टिक** (रिचर्ड ब्रैंसन) व **ब्लू ऑरिजन** (जेफ बेजोस) कंपनियाँ कार्य कर रही हैं।

**विशेष :** रॉकेट (विक्रम-एस) का नाम विक्रम साराभाई के नाम पर उनके सम्मान में रखा गया है।

- **18 नवम्बर, 2022 को केन्द्र सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक-2022 का ड्राफ्ट जारी किया—**

ड्राफ्ट के मुताबिक यदि कोई कंपनी डाटा चोरी करने की दोषी पाई जाती है या कंपनी डाटा का गलत इस्तेमाल करती है या डाटा चोरी से जुड़े मामले की घटनाओं को यूजर्स व सरकार को रिपोर्ट करने में विफल रहती है तो उस पर 250 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि भारत सरकार ने संसद से व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक-2019 को अगस्त, 2022 में वापस ले लिया था।

- **18 नवम्बर, 2022 को जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष पद से**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**हटने की घोषणा की—**

85 वर्षीय अब्दुल्ला ने कहा कि अब नई पीढ़ी को मौका मिलना चाहिए। उनके बेटे उमर अब्दुल्ला नेशनल कॉन्फ्रेंस के नए अध्यक्ष बन सकते हैं।

## Newspaper of 20 November, 2022

- **19 नवम्बर, 2022 को एशिया कप-2022 में टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने कांस्य पदक मुकाबला जीता—**

मनिका बत्रा पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जापान की हिना हयाता को 4-2 से हराकर पदक अपने नाम किया।

- **उत्तर कोरिया ने अपनी सबसे बड़ी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल को लॉन्च किया—**

इस मिसाइल का नाम ह्वासोंग-17 रखा गया है।

उत्तर कोरिया से अमेरिका तक मारक क्षमता की इस मिसाइल को कई तरह के हथियार ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

- **11 नवम्बर, 2022 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार 14.72 अरब डॉलर बढ़कर 544.72 अरब डॉलर पहुँच गया—**

अगस्त, 2021 के बाद यह सबसे तेज वृद्धि है। गौरतलब है कि मार्च, 2022 के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में 110 अरब डॉलर से अधिक की गिरावट आई है।

स्वर्ण भण्डार का मूल्य 2.64 अरब डॉलर बढ़कर 39.70 अरब डॉलर रहा।

- **एस एण्ड पी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की ग्लोबल ट्रेड मॉनिटर रिपोर्ट के मुताबिक भारत जीडीपी के लिहाज से विश्व की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अच्छी स्थिति में है—**

अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार अब तक वैश्विक आर्थिक सुस्ती से ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ है।

टॉप-10 अर्थव्यवस्थाएँ : भारत, अमेरिका, ईयू (27 देश), चीन, जापान, ब्रिटेन, ब्राजील, दक्षिण कोरिया, कनाडा व रूस।

- **19 नवम्बर, 2022 को भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाबू मणि (59) का निधन हो गया—**

बाबू मणि ने 1984 के नेहरू कप टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था। उन्होंने 55 अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

गौरतलब है कि वे एएफसी एशियाई कप क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

## Newspaper of 21 November, 2022

- **20 नवम्बर, 2022 को फीफा विश्व कप-2022 (22वाँ संस्करण) की शुरुआत हुई—**

फीफा विश्व कप, 2022 कतर देश की मेजबानी में 20 नवम्बर से 18 दिसम्बर, 2022 तक आयोजित हो रहा है, जिसमें विभिन्न देशों की 32 टीमें फुटबॉल चैम्पियन बनने हेतु हिस्सा ले रही हैं।

फीफा विश्व कप के आगाज की आधिकारिक घोषणा उद्घाटन समारोह में कतर के शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने की।

- **कोरोनरी स्टेंट को आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में शामिल किया गया—**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम)-2022 में कोरोनरी स्टेंट को शामिल करने की अधिसूचना जारी की, जिससे स्टेंट की कीमतें कम होंगी।

गौरतलब है कि चिकित्सा पर स्थायी राष्ट्रीय समिति (एसएनसीएम) ने 6 नवम्बर को कोरोनरी स्टेंट को एनएलईएम-2022 में 2 श्रेणियों - बेयर मेटल स्टेंट और ड्रग एल्यूटिंग स्टेंट में शामिल करने की सिफारिश की थी।

## Newspaper of 22 November, 2022

- **प्रीति मस्के (45 वर्ष) 14 दिन में गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक लगभग 4 हजार किमी. की दूरी तय करने वाली भारत की पहली एकल साइकिल चालक बनीं—**

प्रीति (पूणे) ने 1 नवम्बर को पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर बने कोटेश्वर मंदिर से अपना सफर शुरू किया और गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, प. बंगाल व असम होते हुए अरुणाचल प्रदेश पहुँची।

गौरतलब है कि प्रीति ने इससे पूर्व भी लेह से मनाली तक का सफर 60 घंटे में पूरा किया था, इसलिए सबसे तेज साइकिल चलाने के कारण उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था।

- **1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी अरुण गोयल ने भारत के नए चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला—**

अरुण गोयल भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त 'राजीव कुमार व

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

चुनाव आयुक्त 'अनूप चंद्र पांडे के साथ भारतीय निर्वाचन आयोग का हिस्सा बने हैं।

- **विश्व के 8वें नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच (सर्बिया) ने नार्वे के कैस्पर रूड को हराकर रिकॉर्ड छठी बार एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स का खिताब जीता—**

इस जीत के साथ नोवाक जोकोविच ने दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की।

जोकोविच यह खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी (35 वर्ष) बन गए हैं।

## Newspaper of 23 November, 2022

- **22 नवम्बर, 2022 को केन्द्र सरकार की पहल पर दूसरे रोजगार मेले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 71,056 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे—**

प्रधानमंत्री ने देश के 45 शहरों में रोजगार मेले का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों हेतु विशेष कोर्स लॉन्च किया, जिसे '**कर्मयोगी प्रारंभ**' नाम दिया गया।

'कर्मयोगी भारत' प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ऑनलाइन कोर्सेस से कर्मचारियों की स्किल्स भी अपग्रेड होगी।

- **22 नवम्बर, 2022 को ऑस्ट्रेलियाई संसद ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी प्रदान की—**

एफटीए लागू होने के बाद कपड़े और गहने जैसे भारत के 6 हजार से ज्यादा उत्पादों को ऑस्ट्रेलिया के बाजार में ड्यूटी-फ्री पहुँच मिलेगी।

समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया 96.4% निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए भारत को शून्य सीमा शुल्क पहुँच सुनिश्चित करेगा।

वित्त वर्ष 2021-22 में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार

| व्यापार | गुड्स | सर्विसेस | कुल |
|---|---|---|---|
| भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात | 67,786 | 34,301 | 102,087 |
| भारत में ऑस्ट्रेलिया से आयात | 1,37,206 | 14,701 | 151,906 |
| **कुल** | **204,992** | **49,002** | **253,994** |

(आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोत : डीजीसीआईएंडएस, आरबीआई)

## Newspaper of 24 November, 2022

- **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति' जारी की—**

इस रणनीति में केन्द्र सरकार ने वर्ष 2030 तक आत्महत्या से मृत्यु दर में 10 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा है।

इसके लिए जिला स्तर पर मनोचिकित्सक और मानसिक रोग विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाएगा, जो आत्महत्या रोकने से जुड़ी सेवाएँ देंगे।

3 साल के भीतर प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाएगा तथा अगले 5 सालों में सभी जिलों में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से आत्महत्या रोकथाम सेवाएँ शुरू की जाएंगी। अगले 8 सालों में सभी शिक्षण संस्थानों में आत्महत्या को रोकने से जुड़ा पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने 9 सितम्बर, 2022 को आत्महत्या रोकथाम के लिए रणनीति का डॉक्यूमेंट तैयार करने की घोषणा की थी।

## Newspaper of 25 November, 2022

- **24 नवम्बर, 2022 को राइट टू इंफोर्मेशन (आरटीआई) के तहत सुप्रीम कोर्ट से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने हेतु पोर्टल शुरू हुआ—**

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इस पोर्टल के शुरू होने की जानकारी दी।

- **24 नवम्बर, 2022 को न्यूयॉर्क (अमेरिका) में थैंक्सगिविंग डे परेड का आयोजन किया गया—**

थैंक्सगिविंग डे पर लोग एक-दूसरे को तोहफा देकर शुक्रिया अदा करते हैं। यह दिवस एक-दूसरे के प्रति आदर और अपनापन दर्शाने हेतु मनाया जाता है।

## Newspaper of 26 November, 2022

- **ब्रिटेन के जॉन मैकफाल पहले विकलांग अंतरिक्ष यात्री बने—**

यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) ने अपने भावी अंतरिक्ष अभियान हेतु 17 एस्ट्रोनॉट्स को चुना, जिनमें ब्रिटेन के विकलांग जॉन मैकफाल (41) भी शामिल हैं।

मैकफाल डॉक्टर और पैरालम्पियन हैं। उन्होंने 2018 पैरालम्पिक में धावन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **असम के अहोम साम्राज्य के सेनापति लचित बरफुकन की 400वीं जयंती पर दिल्ली में समारोह का आयोजन किया गया—**

असम सरकार ने पहली बार असम के बाहर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बरफुकन की जयंती समारोह का आयोजन किया।

24 नवम्बर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बरफुकन पर बनी डॉक्यूमेंट्री रिलीज की तथा 25 नवम्बर को समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बरफुकन पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया।

सराईघाट युद्ध में अहोमों की जीत की याद में प्रत्येक वर्ष असम में 24 नवम्बर को **लचित दिवस** मनाया जाता है।

गौरतलब है कि लचित बरफुकन ने शिवाजी की तरह कई बार मुगलों की रणनीति नाकाम की तथा उन्हें 17 बार हराया।

नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में बेस्ट कैडेट को दिए जाने वाले गोल्ड मेडल को '**लचित मेडल**' कहा जाता है।

■ **दिल्ली की कैरम बोर्ड खिलाड़ी रश्मि कुमारी 3 बार वर्ल्ड चैम्पियन बनने वाली पहली भारतीय बनीं—**

रश्मि 3 बार वर्ल्ड चैम्पियन व 11 बार नेशनल चैम्पियन बन चुकी हैं। यह कारनामा करने वाली वे भारत की पहली कैरम प्लेयर हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2000 में वे पहली बार नेशनल चैम्पियन बनी थीं तथा हाल ही में मलेशिया में आयोजित हुई कैरम की वर्ल्ड चैम्पियनशिप में जीत हासिल की।

## Newspaper of 27 November, 2022

■ **26 नवम्बर, 2022 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, JustIS मोबाइल ऐप 2.0, डिजिटल कोर्ट और S3Waas वेबसाइटों सहित ई-कोर्ट परियोजना के तहत विभिन्न नई पहलों का शुभारंभ किया—**

**वर्चुअल जस्टिस क्लॉक** : न्याय वितरण प्रणाली के महत्त्वपूर्ण आंकड़ों को प्रदर्शित करने क लिए एक पहल।

**JustIS मोबाइल एप 2.0** : न्यायिक अधिकारियों के लिए अदालत और मुकदमों के कारगर प्रबंधन हेतु उपलब्ध एक उपकरण।

**डिजिटल कोर्ट** : पेपरलेस कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने हेतु न्यायालय द्वारा सभी रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में न्यायाधीश के सामने उपलब्ध करवाने की एक पहल।

**S3Waas** : जिला न्यायपालिका से संबंधित निर्दिष्ट जानकारी एवं सेवाओं को प्रकाशित करने हेतु विभिन्न वेबसाइटों को बनाने, कॉन्फिगर करने, तैनात करने और प्रबंधित करने के लिए एक रूपरेखा।

**संविधान दिवस : एक नजर में :**

- सर्वप्रथम वर्ष 2015 में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया था।
- संविधान दिवस को **राष्ट्रीय कानून दिवस** भी कहते हैं।
- गौरतलब है कि 26 नवम्बर, 1949 को भारत का संविधान पूर्ण रूप से बनकर तैयार हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था।

■ **26 नवम्बर, 2022 को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया गया—**

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 'भारत में श्वेत क्रांति के जनक' डॉ. वर्गीज कुरियन की 101वीं जयंती पर मनाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2022 प्रदान किया गया तथा पशु संगरोध प्रमाणन सेवाओं का भी उद्घाटन किया गया।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**डॉ. वर्गीज कुरियन (1921-2012) : एक नजर में —**

- भारत में श्वेत क्रांति के जनक के रूप में तथा 'ऑपरेशन फ्लड' हेतु काफी प्रसिद्ध।
- कुरियन के प्रयासों से भारत वर्ष 1998 में अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दूध का सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया।
- उन्होंने 'अमूल ब्राण्ड' की स्थापना और सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 'दिल्ली दूध योजना' के प्रबंधन में मदद की।
- **विभिन्न पुरस्कार** : रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (1963), कृषि रत्न (1986), विश्व खाद्य पुरस्कार (1989), भारत के पद्मश्री (1965), पद्म भूषण (1966) व पद्म विभूषण (1999)।

## Newspaper of 28 November, 2022

■ **बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने राजगीर में गंगाजल आपूर्ति योजना का शुभारंभ किया—**

यह गंगा के बाढ़ के जल को पीने के पानी के रूप में इस्तेमाल करने की देश की पहली योजना है।

प्रोजेक्ट से राजगीर के 19 वार्डों में रहने वाले 8,301 घरों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

■ **27 नवम्बर, 2022 को भारत के प्रथम लोकसभा अध्यक्ष**

**जी.वी. मावलंकर की जयंती मनाई गई—**

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में मावलंकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

- **गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान (छत्तीसगढ़) के जंगल में पहली बार अमेरिका में पाए जाने वाले कीटभक्षी पौधे मिले—**

इन कीटभक्षी पौधों का बॉटेनिकल नाम 'वीनस फ्लाईटेप' है। ये पौधे चींटी, मकड़ी सहित छोटे कीड़े-मकोड़ों को अपनी पत्ती में जकड़कर चूस लेते हैं।

- **नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद, गुजरात) का नाम आईपीएल फाइनल-2022 के दौरान सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया—**

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ट्वीट कर यह जानकारी दी कि स्टेडियम में 29 मई, 2022 को आईपीएल के फाइनल मैच के दौरान 1,01,566 दर्शक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1,10,000 है, जो मेलबर्न स्टेडियम (शीर्ष-2) से 10 हजार अधिक है।

- **27 नवम्बर, 2022 को भारतीय महिला मुक्केबाज रवीना ने यूथ बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता—**

रवीना ने 63 किग्रा. वर्ग के फाइनल में नीदरलैंड की मेगन डेक्लेर को हराकर गोल्ड अपने नाम किया।

कीर्ति ने 81 से अधिक किग्रा. वर्ग में रजत पदक जीता।

- **26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी मुख्य अतिथि होंगे—**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल-सीसी को निमंत्रण भेजा गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

गौरतलब है कि दोनों देशों ने वर्ष 2022 में राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई है।

## Newspaper of 29 November, 2022

- **28 नवम्बर, 2022 को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 7.3 से घटाकर 7 फीसदी किया—**

इसके साथ ही अगले वित्त वर्ष हेतु ग्रोथ अनुमान को 6.5 से घटाकर 6 फीसदी कर दिया।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2021 में 8.5 फीसदी की दर से बढ़ी थी। एजेंसी ने मौजूदा वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई औसतन 6.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है।

- **सिंगापुर ओपन शतरंज चैम्पियनशिप में भारत के 8 वर्षीय अव्यय गर्ग ने रजत पदक जीता—**

चैम्पियनशिप में अव्यय ने 8 में से 7 अंकों के साथ दूसरा तथा सिंगापुर के लिम शी हुन मैग्नस ने 7.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

4 दिवसीय टूर्नामेंट में 10 देशों के लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

- **महाराष्ट्र के ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी-2022 में 1 ओवर में 7 छक्के लगाए—**

क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश के स्पिनर शिवा सिंह के 1 ओवर में 7 छक्के लगाकर ऋतुराज ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए।

यह कारनामा इसलिए हो सका क्योंकि पारी के 49वें ओवर की 5वीं गेंद नो-बॉल थी और ऋतुराज ने उस पर भी छक्का लगा दिया। उन्होंने नाबाद कुल 220 रन बनाए।

- **सबसे महंगी कारें बनाने वाली कंपनी रोल्स-रॉयस ने दुनिया का पहला हाइड्रोजन जेट इंजन बनाया—**

रॉल्स रॉयस ने दुनिया का पहला हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाला जेट इंजन एई-2100-ए इंजन को कन्वर्ट करके बनाया।

फॉसिल फ्यूल से चलने वाले इंजनों के विपरीत हाइड्रोजन चलित इंजन से कोई ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन नहीं होगा और यह पर्यावरण के लिए ज्यादा फायदेमंद होगा।

गौरतलब है कि ग्लोबल वार्मिंग में एयर ट्रेवल की लगभग 3.5% हिस्सेदारी है और दुनिया की कई विमान कंपनियाँ इसका पर्यावरण हितैषी समाधान ढूंढ रही हैं।

- **दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को भारत में केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मंजूरी प्रदान की—**

भारत बायोटैक की सुई रहित इंट्रानेजल कोविड वैक्सीन को 18 वर्ष से अधिक आयु वालों में आपातकालीन स्थितियों में उपयोग किया जा सकेगा।

भारत बायोटेक ने कहा कि कम और मध्यम आय वाले देशों के लिए इस वैक्सीन को विकसित किया गया है क्योंकि इसकी लागत कम है।

- **28 नवम्बर, 2022 को भारत व ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला संयुक्त अभ्यास 'ऑस्ट्रो हिन्द-2022' का महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (बीकानेर) में शुभारंभ हुआ—**

इस युद्धाभ्यास में दोनों देशों के करीब सवा सौ सैनिक शामिल हो रहे हैं, जिनमें महिलाएँ भी हैं।

## Newspaper of 30 November, 2022

- **29 नवम्बर, 2022 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ले. जनरल आसिम मुनीर को देश का अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया—**

मुनीर ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का स्थान लिया।

मुनीर के आईएसआई चीफ रहते हुए भारत पर फरवरी, 2019 में पुलवामा हमला हुआ था।

इस मौके पर पूर्व सेना प्रमुख बाजवा ने वर्तमान सेना प्रमुख मुनीर को 'बैटन ऑफ कमांड' (कमांड स्टिक) सौंपी। यह स्टिक एक खास तरह की लकड़ी की बनी होती है, जिसे 'मलाक्का केन' कहा जाता है।

- **श्रीहरिकोटा ( बेंगलूरु ) में बने भारत के पहले निजी लॉन्च पैड से प्रक्षेपित होगा निजी कंपनी का रॉकेट 'अग्निबाण'—**

चेन्नई आधारित अंतरिक्ष स्टार्टअप **अग्निकुल कॉसमोस** ने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में एक नई शुरुआत करते हुए श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में निजी क्षेत्र का पहला लॉन्च पैड और मिशन कंट्रोल केन्द्र (एमसीसी) स्थापित किया।

लॉन्च पैड का उद्घाटन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) के प्रमुख एस. सोमनाथ ने किया।

अग्निबाण रॉकेट 700 किमी. ऊँचाई तक की कक्षा में उपग्रह को पहुँचा सकता है तथा 100 किग्रा. तक पे-लोड ले जा सकता है।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में भारतीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्रमाणीकरण केन्द्र (इन-स्पेस) के गठन के बाद निजी क्षेत्र को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में काफी बढ़ावा मिल रहा है।

❑❑❑

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com



संजीव®
47 वर्षों
से आपका विश्वसनीय
आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी
राजस्थान में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु
संजीव प्रकाशन
द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें।
CET
COMPUTER
प्रभात वालिया की पुस्तक
CET - 2022
राजस्थान
CET 2022
राजस्थान
अध्यापक
राजस्थान
जवाहर नवोदय विद्यालय
प्रवेश परीक्षा 2023
Quality Education टीम द्वारा तैयार पुस्तकें
CET
11 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स
CET-2022
स्नातक स्तर
11 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स
शिक्षक ग्रेड II
20 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
शिक्षक ग्रेड II
15 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
हाईकोर्ट LDC
11 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार पुस्तकें
योजनाएं/कार्यक्रम
राजस्थान
सार संग्रह
राजस्थान
सामान्य ज्ञान
Notes Handbook
राजस्थान
सामान्य ज्ञान
राजस्थान
ATLAS
संजीव वेबसाइट से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क डाउनलोड करें।
प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com
SHAKUN